हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

04 सड़क चौड़ीकरण कराने स्टेशन क्षेत्र में ...



07 19 महिलाएं हुईं दुष्कर्म की शिकार चार विवाहिताएं ...





## खबर संक्षेप

### गोविन्द राय स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त



**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत सागर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने हेतु शासकीय इंदिरा गांधी अभियांत्रिकी महाविद्यालय सागर में पदस्थ गोविंद राय को नगर निगम सागर का स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है।

### 1 फरवरी को होगा ब्राह्मण समाज की वैवाहिक पत्रिका का विमोचन

**सागर।** ब्राह्मण समाज की वैवाहिक पत्रिका विप्र परिणय का विमोचन एवं 10वी,12वी के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम 1 फरवरी रविवार को रविन्द्र भवन से होगा। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय पत्रिका में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के एक हजार से ज्यादा बायोडाटा प्रकाशित किए गए है जिनमें सबसे ज्यादा बुंदेलखंड क्षेत्र से ही है इसके अलावा प्रदेश के बाहर के भी कुछ बायोडाटा समाहित किए गए हैं। 1 फरवरी को संतों और विप्र जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विमोचन कार्यक्रम संपन्न होगा। अतिथियों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि वैवाहिक पत्रिका विमोचन के साथ ही विप्र मेधावी छात्र_छात्राओं का सम्मान समारोह भी होगा। 10वीं 12वीं बोर्ड के 75%से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विप्र मेधावी विद्यार्थियों की जानकारी पहले ही एकत्रित कर ली गई थी जिसमें चयनित लगभग 265 विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा।

### भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर आज सागर के प्रवास पर रहेंगी

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर आज 09 जनवरी शुक्रवार को एक दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर दोपहर 03:00 बजे सागर पहुंचेंगी। सागर प्रवास के दौरान अल्का गुर्जर सागर विधानसभा के विभिन्न शक्ति केन्द्रो की सांगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करेंगी एवं धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी। अल्का गुर्जर के सागर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता बहेरिया तिराहा पर बुंदेली परम्परा से उनका भव्य स्वागत करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से समय पर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

### आबकारी अमले की बड़ी कार्यवाही, कच्ची शराब एवं महुआ लहान जब्त

**सागर।** कलेक्टर के आदेशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के निर्देशन में एवं सहा. ज़िला आबकारी अधिकारी अशोक दवे के नेतृत्व में बण्डा क्षेत्रांतर्गत सामूहिक रूप से आबकारी विभाग सागर द्वारा कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर कार्यवाही की गई। जिसमें थाना शाहगढ क्षेत्रांतर्गत कुल 04 विभिन्न स्थलों में हीरापुर से तिगोड़ा के मध्य जंगल से 21 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा एवं 450 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ में 51 कुप्पो में लगभग 510 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ नहर किनारे से लगभग 300 किलो महुआ लहान, वार्ड क्रमांक 15 - 340 कुप्पो में लगभग 3400 किलो महुआ लहान बरामद कर कब्ज़ा ए आबकारी लिया जाकर प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया। लहान का सैंपल लिया जाकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया।

---

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाए

## गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन न होने पर होगी सख्त कार्रवाई: संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन न होने पर सख्त कार्रवाई होगी, मातृ, शिशु मृत्यु रोकने हर संभव प्रयास करें एवं गर्भवती माताओं की स्किल सेल जांच लगातार की जाए साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाए। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर राजेश शुक्ला, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ नीना गिडियन, सुशीला यादव, डॉ ममता तिमोर सहित समस्त मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की गर्भवती माता का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाए एवं उनकी सभी जांच गाइडलाइन के अनुसार की जावे साथ में सभी गर्भवती माता की सिकल सेल की जांच भी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उनका उपचार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती माता को खून बढ़ाने की दवाइयां वितरित की जावे संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं साथ में प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर मॉनिटर करें। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य करें एवं कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन ऑब्जर्वेशन में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराऐं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को 12 फॉलो अप चेकअप भी कराए एवं उनके सुपोषित होने तक लगातार उनकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए की संजीवनी विद्यालयों में गर्भवती माता को शासन की निर्देश अनुसार चेकअप की विशेष व्यवस्थाएं की जावे उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्य में प्रगति नहीं ला रहे हैं उनकी दो-दो वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी जावे। उन्होंने कहा कि विकासखंड मेडिकल अधिकारी की मॉनिटरिंग सीएमएचओ करें एवं सीएमएचओ की मॉनिटरिंग संयुक्त संचालक करें।

संभाग कमिश्नर ने निर्देश दिए की 108 एंबुलेंस की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करें उन्होंने कहा कि उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जावे इसके लिए सतत प्रयास रखें समय पर 108 एंबुलेंस संबंधित पीड़ति व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने गर्भवती माताओं के हाई ब्लड प्रेशर के प्रबंधन एवं उनके उपचार के लिए गर्भवती माताओं को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए की एएनएम, आशा कार्यकर्ता के काम की लगातार मॉनिटरिंग की जावे और जो आशा कार्यकर्ता कार्य में प्रगति नहीं लाती है उन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण समिति की बैठक एवं रोगी कल्याण समिति की बैठक भी लगातार की जावे।



### निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत चल रहे सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

**सागर।** नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब में लोहिया पार्क के आगे निर्माणाधीन घाटों, मंडपम एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, निर्माण सामग्री का मानक अनुसार उपयोग करने तथा स्थल की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिकों के लिए आकर्षक बनाना है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके उपरांत काकागंज वार्ड में स्थित वीरांगना झलकारी बाई उद्यान का निरीक्षण कर वहां कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान में हरियाली, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा एवं पाथवे के निर्माण को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्मित चौपाटी का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कार्यदायी एजेंसी को शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर आमजन के लिए प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर की रैंकिंग बेहतर करने हेतु सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।



### नगर परिषद देवरी अध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न कराने के लिए कॉलेज में प्रशिक्षण दिया

**सागर।** नगर परिषद देवरी में अध्यक्ष पद से वापस बुलाने की चुनाव प्रक्रिया को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ डॉ. अमर जैन ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दौरान किन किन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा, तथा मतदान की प्रक्रिया कैसे संपादित की जाएगी। मतदान दिवस की प्रक्रिया मॉक पोल आयोजित करने से लेकर, वास्तविक मतदान शुरू करने, मतदाताओं की पहचान, मत देने का क्रम और मतदान समाप्त होने के बाद की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर गहन जानकारी मनीष सक्सेना द्वारा दी गई। इसी क्रम में डॉ. सर्वेश उपाध्याय ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम जहाँ एक ओर प्रक्रियाओं की गहनता से परिचय कराते हैं, वहीं नवीन दिशानिर्देशों से अवगत कराते हुए सभी मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी को भी रेखांकित करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रैनर आनंद मंगल बोहरे ने बताया कि प्रत्येक मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र के अनुसार ही आवश्यक चुनाव सामग्री प्राप्त करे तथा मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाताओं की संख्या, 20 बी आदि संबंधित प्रपत्रों का विधिवत मिलान कर ले। मनीष माहौर ने मतदान के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रियल टाइम रिपोर्टिंग के लिए डेवलप किए गए पीठासीन अधिकारी एप के उपयोग की जानकारी दी गई। जिसके द्वारा मतदान की वास्तविक रिपोर्टिंग एवं डैशबोर्ड को विस्तार से समझाया। परमानंद सेन एवं मुकेश पटेल ने ईवीएम मशीन के प्रत्येक भाग की जानकारी देकर संभावित त्रुटि की स्थिति में तुरन्त समाधान हेतु आवश्यक तकनीकी बिंदुओं को समझाया गया, साथ ही सीआरसी के बाद मशीन की सीलिंग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया।मास्टर ट्रेनर्स ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए पंचायत निर्वाचन को निष्पक्ष, शांति पूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराएँ और किसी भी प्रकार की शंका की स्थिति में तत्काल सुपरवाइजिंग / निर्वाचन अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

## मुख्यमंत्री के खुरई आगमन को लेकर पूर्वमंत्री सिंह के साथ कमिश्नर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री मोहन यादव के संभावित खुरई आगमन को लेकर पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के साथ संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी पुलिस महा निरीक्षक हिमानी खन्ना ने आज कलेक्टर संदीप जी आर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ खुरई पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के संबंध में सभी तैयारियां का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।

संभाग कमिश्नर सुचारी ने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल पर सभीआवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए एवं सभा स्थल पर आने वाले व्यक्तियों को कम से कम चलना पड़े इसकी विशेष व्यवस्था की जावे। उन्होंने कहा कि हेलीपैड कार्यक्रम स्थल एवं रोड शो के दौरान एंबुलेंस डॉक्टर मौजूद रहे। एवं सभी जगह फायर ब्रिगेड की भी तैनाती की जावे। उन्होंने कहा कि पार्किंग में भी सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे उन्होंने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, हेलीपैड पर भी सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व की जाए। उन्होंने कहा कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि से साथ रखें एवं कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी भी की जावे।

पुलिस महा निरीक्षक हिमानी खन्ना ने निर्देश दिए की रोड शो के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल एवं रास्ता पार्टी की मौजूदगी सुनिश्चित की जावे एवं संपूर्ण रोड शो में ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जावे सांस में सीसीटी वी कैमरा के माध्यम से भी लगातार संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि रोड शो में बाधक बन रहे अस्थाई निर्माण को तत्काल हटाए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत लाइनों को भी चेक करें एवं उनका आवश्यकता अनुसार ऊंचाई पर ले जाएं।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल पार्किंग हेलीपैड सहित मुख्यमंत्री के द्वारा सड़क मार्ग को सुचारू रूप से रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किया जावे जहां आवश्यकता हो तत्काल बेरिकेटिंग करें। कार्यक्रम स्थल एवं अन्य जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ।

निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने स्थानीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं देखी। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियाँ समय पर, सुव्यवस्थित पूर्ण की जाएँ। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं मौसम के अनुसार सुनिश्चित कराई जा रही है एवं रोड शो के रूट में सभी व्यवस्थाएं भी आवश्यकता अनुसार की जा रही है।

### बिजली विभाग ने समाधान योजना की अवधि 31 तक बढ़ाई

**सागर।** बिजली विभाग द्वारा बकाया विद्युत बिलो के भुगतान पर सरचार्ज राशि की छूट दिए जाने के लिए 01 दिसम्ब से चालू की गई समाधान योजना की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। सागर वृत्त की अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाधान योजना को लेकर एवं राजस्व के अन्य पैरामीटरो पर सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार द्वारा पूरे वृत्त के कनिष्ठ अभियंताओ, सहायक अभियंताओ एवं कार्यपालन अभियंताओ की मकरोनिया स्थित सभागृह में समीक्षा बैठक ली गई जिसमे मुख्यालयवार समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होने सूची के विरूद्ध बिल जमा करने की स्थिति में 20 जनवरी तक हर हाल मे लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देष दिए है। लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में कारण स्पष्ट करना होगा मुख्य अभियंता द्वारा समस्त मैदानी अधिकारियो को सार्वजनिक स्थानो पर एवं कार्यालयो में बैनर लगाकर प्रचार-प्रसार कर उपभोक्ता को जागरूक करने एवं समाधान योजना के शत-प्रतिशत प्रकरणो का रजिस्ट्रेशन कर राशि जमा करवाने के प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही टेलीफोन द्वारा संपर्क करने, आमने-सामने एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर योजना का लाभ लेने हेतु तथा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियो से भुगतान हेतु ग्रामों मे शिविर लगाने एवं घर-घर जाकर उनको समझाइश देकर समाधान योजना का लाभ लेने हेतु, प्रेरित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य अभियंता द्वारा अस्थाई कनेक्शनो की पिछले वर्ष एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया । उन्होने सी.एम. हेल्प लाईन की समीक्षा की साथ ही एजी और घरेलू फीडर पर विद्युत सप्लाई की समीक्षा करते हुए कृषि सिचाई पंप हेतु 10 घंटे एवं घरेलू फीडर पर 24 घंटे विद्युत सप्लाई देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए समीक्षा बैठक के दौरान जिन कनिष्ठ अभियंताओ की प्रगति निराशजनक रही उन पर कडी कार्यवाही की गई तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।



### परकोटा वार्ड में हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच की, पानी पीने योग्य पाया गया

**सागर।** नगर निगम जलप्रदाय टीम द्वारा परकोटा वार्ड में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श शैलेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में किले के पास स्थित हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच के दौरान जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा पानी के नमूनों को निर्धारित मानकों पर परखा गया। परीक्षण में यह पाया गया कि हैंडपंप का पानी सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा है एवं पूर्णतः पीने योग्य है। निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हैंडपंप, कुएं एवं जल स्त्रोतों की नियमित जांच की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल स्वच्छ एवं जांचे गए जल स्त्रोतों का ही उपयोग करें तथा किसी भी जल स्त्रोत में गंदगी, दुर्गंध अथवा रंग परिवर्तन जैसी शिकायत होने पर तुरंत नगर निगम को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### महिला ब्रिगेड दल ने विभिन्न बकायादारों से 6 लाख 51 हजार रुपए के बकाया कर की राशि जमा कराई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य सभी बकायाकरों की लक्ष्य अनुसार वसूली करने के लिए नगर निगम में पहली बार गठित की गई । महिला ब्रिगेड दल द्वारा शास्त्री वार्ड से विभिन्न दुकानदारों जिनमें धर्मदास अहिरवार, राजेंद्र साहू, विशाल जितेंद्र सिंघई एवं लक्ष्मी नारायण वाटिका से 6 लाख 51हजार रुपए संपत्तिकर की बकाया राशि वसूल कर जमा कराई । इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी तबस्सुम खान, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी एवं महिला ब्रिगेड दल में जयलक्ष्मी श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, स्वदेश राजा बुंदेला, आभा सेन, कंचन राजपूत, आशी गौतम, कल्पना श्रीवास्तव एवं करसंग्राहक उपस्थित थे।

---

अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन कौशल आवश्यक है : कुलपति

## शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना है : प्रो. चांद किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एस.एस.आर.), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में "उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. चाँद किरण सलूजा, विशिष्ट अतिथि प्रो. आर. पी. पाठक, प्रो. कौशल कुमार शर्मा, प्रो. प्रवीण तिवारी एवं प्रो. यशपाल थे. समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने की. इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार जैन एवं विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय भी मंचासीन थे।

संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्चन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में शिक्षा अध्ययनशाला के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों को साकार करने वाले विद्वानों का सदा स्वागत करता है। उन्होंने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी को समाजोन्मुखी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। समन्वयक डॉ. योगेश कुमार पाल ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता आज की अनिवार्य आवश्यकता हैं, जिनसे श्रेष्ठ नागरिक निर्माण एवं सामुदायिक समृद्धि संभव है।

मुख्य अतिथि प्रो. चांद किरण सलूजा ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में सामाजिक दायित्व को शिक्षा का मूल उद्देश्य बताया। उन्होंने समान अवसरों, मौलिक कर्तव्यों, पर्यावरण संरक्षण, सहयोगात्मक अधिगम, "हाउ टू लर्न", रचनात्मक आकलन तथा "कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है" जैसे विचारों पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना है। विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को सुदृढ़ करने के लिए होनी चाहिए। उन्होंने डॉ. हरिसिंह गौर के त्याग और उनके द्वारा स्थापित विशाल सामाजिक विश्वविद्यालय के मूल्यों को स्मरण किया। प्रो. कौशल किशोर शर्मा एवं प्रो. आर. पी. पाठक ने भी उच्च शिक्षा की सामाजिक भूमिका, सामुदायिक सहभागिता तथा नीति-आधारित शैक्षिक सुधारों पर अपने विचार व्यक्त किए।

अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि "प्राप्त ही पर्याप्त है" की भावना, स्वच्छता और सामुदायिक दायित्व आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संवाद का कोई विकल्प नहीं है तथा अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन कौशल और उनकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही योग्यता का निर्धारण किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग

**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अग्रसेन पार्क के सौंदर्यीकरण एवं टीनशैड निर्माण किये जाने की मांग को लेकर अग्रवाल समाज के लोगों ने एक पत्र नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को भेजा है। पत्र में बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा सुपर मार्केट में अग्रसेन पार्क निर्माण कराया गया था, जिसमें अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जी महाराज की प्रतिमा स्थापित है। महाराजा अग्रसेन समाज के सभी वर्गों के लिए यह एक प्रेरणास्त्रोत है। बताया कि विगत कई वर्षों से पार्क में रंगाई-पुताई का कार्य भी नहीं कराया गया है। उक्त पार्क में रंगाई-पुताई, सौंदर्यीकरण एवं एक टीनशेड की अत्यन्त आवश्यकता है। इस पर उन्होंने इन कार्यों को कराये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय संरक्षक कैलाश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल एड।, संजय अग्रवाल के अलावा रमन अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, पुष्पित अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल आदि के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

### राइफल से गोली मार देने की धमकी

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी दिनेश कुमार राय पुत्र बालकृष्ण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 जनवरी की रात करीब 10.30 बजे गांव के भगवानदास पुत्र अंगद ने उसे गालियां देते हुये राइफल से गोली मारकर हत्या कर देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भगवानदास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रास्ते में रोककर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरूनगर अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाले प्रानसिंह पुत्र पजन अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 6 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह काम से लौट रहा था। तभी रास्ते में पड़ौस के सिब्बू पुत्र पुरुषोत्तम, संतराम पुत्र रामचरण, पुरुषोत्तम पुत्र लम्पू व अन्य लोगों ने उसे जबरन रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे वह घायल हो गया। बताया कि इसके पहले सुबह जब उसकी पत्नी रेखा काम पर जा रही थी तो सिब्बू ने उसकी पत्नी से अभद्रता की और मारपीट कर दी थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ड्राइवर पर नशे में टैक्सी पलटाने का आरोप

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कुमरौल निवासी पुनू पुत्र रामप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि 24 दिसम्बर को उसकी पत्नी मेवा अपने गांव कुमरौल से ललितपुर आ रही थी। वह कुमरौल तिराहा से तीन पहिया टैक्सी संख्या यू।पी।94 टी 4700 में सवार हुयी थी। आरोप है कि टैक्सी चालक शराब के नशे में होने के कारण बेतरबीव तरीके से टैक्सी चला रहा था। जब उसकी पत्नी से ठीक से टैक्सी चलाने की बात चालक से कही तो उसने टैक्सी सड़क से नीचे उतार दी।

पटरी का अतिक्रमण हटाया जाना है, दुकानदारों को मांगने पर दो दिन की मोहलत मिली

# सड़क चौड़ीकरण कराने स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण पर चली नपा की जेसीबी




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

यातायात को सुगम बनाने, अतिक्रमण हटाने और शहर की मुख्य सड़क का महानगरों की तर्ज पर चौड़ीकरण कराने हेतु डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में एसडीएम सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका व पुलिस बल की संयुक्त टीम ने स्टेशन तिराहे पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

वहीं कुछ दुकानदारों द्वारा लिखित रूप में 2 दिन में स्वयं ही अतिक्रमण हटाये जाने की बात कही। एसडीएम ने उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए 2 दिन के अंदर स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। कहा कि यदि दो दिन के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जेसीबी से अतिक्रमण को हटाते हुए जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जायेगी। ईओ ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि जो भी दुकानदार पालिका की नाली व सड़क पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है, वह उन्हें ही हटा ले। कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशन से लेकर नदी पुल तक मुख्य सड़क पटरी के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाना है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सदर लेखपाल, नजूल लिपिक, हेड सुपर वाइजर, गैरिज प्रभारी के अलावा जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, पुलिस बल एवं नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक सड़क का होगा जीर्णोद्धार

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक जीर्णशीर्ण हालत में पड़ी सड़क के जीर्णोद्धार के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा मौजूद रहे। डीएम ने अवर अभियंता को सड़क का जीर्णोद्धार कराते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम हो सके। ईओ ने बताया कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोडने वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए इस सड़क के जीर्णोद्धार का टेण्डर पास करा दिया गया है, सड़क डलवाये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर जेई खुशबू खान ने सड़क का तकनीकि आंकलन कर जल्द से जल्द सड़क का कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

न्यायालय के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने दर्ज किया मामला

# एलयूसीसी में लाखों निवेश कराकर हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत मोहल्ला चौबयाना में रहने वाले शक्ति पुत्र श्रीराम ने सीजेएम न्यायालय में दावा पेश किया है। न्यायालय को शक्ति ने अवगत कराया कि उसके घर पूराकलां थाना व हाल मोहल्ला चौबयाना निवासी दीपक पुत्र प्रकाश अहिरवार वर्ष 2019 में अपने आठ-दस साथियों के साथ एकराय होकर आये और एलयूसीसी कम्पनी का एजेन्ट बताते हुये कम्पनी द्वारा कम समय में रुपयो दोगुना करने की बात कही। इतना ही नहीं समय से भुगतान कराने के लिए स्टाम्प पर तहरीर लिखकर दी थी, जिससे वह उनकी बातों में आ गया और स्वयं के नाम से आईडी नं 8558563 में 2 लाख रुपये, आई।डी। 8571254 में 1.50 लाख रुपये, आईडी नं 8312511 में 90 हजार रुपये, आई।डी। 8312517 में 40 हजार रुपये, आर।डी। मेम्बर आई।डी। 8535310 मु 3 हजार रुपये, 8311828 मु 2 हजार रुपये, अपनी मां कुसुम के नाम 1।43 लाख रुपये, सास कुसुम पत्नी किशोरी के नाम मेम्बर आईडी 8312507 मु 30 हजार रुपये, आईडी 1436509 मु 50 हजार रुपये व पत्नी महिमा के नाम एफ।डी। आईडी 8312515 मु 1।43 लाख रुपये खोली गयी थी। आई।डी। की परिपक्वता वर्ष 2024 से अब तक समय समय पर पूर्ण होती जा रही है। परन्तु अभी तक किसी भी आरडी अथवा एफ।डी। का भुगतान नहीं किया गया है। उसके द्वारा सम्पर्क करने पर बताया गया कि कुछ समय बाद भुगतान हो जायेगी, यह कहते हुये टाल-मटोल कर व आश्वासन देते रहे। समाचार पत्रों में कम्पनी के भागने की जानकारी हुयी तो उक्त दीपक अहिरवार से सम्पर्क किया गया, तो दीपक ने रकम वापसी की बात कही। 4 सितम्बर 2025 को 8 बजे जब वह एजेन्ट दीपक के घर चौबयाना गया और भुगतान की बात कही तो दीपक ने कहा कि उसने कूटरचना कर संगठित गिरोह बनाकर उसकी रकम हड़प ली है और झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी दी। घटना को महेन्द्र पुत्र राजकुमार वंशकार व अन्य लोगों ने देखा और समझाया। मामले की शिकायत 4 सितम्बर को एसपी के समक्ष की, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। तब उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली तालबेहट पुलिस ने दीपक अहिरवार व आठ-दस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

न्यायालय के जरिए करवाई कार्रवाई

## विक्रय ट्रक की किश्तें जमा नहीं कर रहा था खरीदार, मामला दर्ज

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला घुसयाना निवासी मनोज विश्वकर्मा पुत्र लक्ष्मीनारायण ने सीजेएम न्यायालय में दावा पेश किया है। बताया कि उसने गुड्स कैरियर ट्रक नं यूपी 94 एटी 9721 को फाइनेंस पर क्रय किया है। 4 नवम्बर को उसने नदीपुरा निवासी विनोद कुमार पुत्र रामसेवक को 6.51 लाख रुपये में विक्रय कर दिया। ट्रक की कुल 47 किश्तें अदा की जानी थी, जिसमें 10 किश्त जमा की जिम्मेवारी उसकी थी और उसने 7 किश्तें जमा की, जिसमें प्रत्येक किश्त 1 लाख 21 हजार 465 रुपये की थी और तीन किश्तों की अदायगी उसकी संपूर्ण 10 किश्तें जमा हो गयी। शेष 37 किश्तों की अदायगी 4 दिसम्बर 2024 से शुरू होंनी थी, जो कि 44 लाख 94 हजार 205 रुपये को विनोद कुमार द्वारा फाइनेंस कम्पनी में फोन-पे के माध्यम से करना हो, जिसकी रसीद व प्रमाण पत्र उसे उपलब्ध करायेंगे। विक्रय अभिलेख नोटरी अधिवक्ता के माध्यम से प्रमाणित कराया गया। बताया कि विनोद कुमार ट्रक का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन किश्तें जमा नहीं कर रहे हैं, जिस कारण उसने विनोद से शर्त अनुसार किश्तें जमा करने की बात कही। परन्तु विनोद हीला-हवाली करते रहे। विक्रय शर्त में यह भी उल्लेख किया गया कि विनोद द्वारा निरंतर 2 किश्तें जमा न करने पर बिक्री ट्रक को राज्यमार्ग पर चलने से निषिद्ध होगा, और अग्रिम धनराशि पीड़ित को विनोद कुमार से प्राप्त हुयी वह भी समाप्त हो जायेगी और ट्रक पुनः उसके पास आ जायेगा, जिसमें आपत्ति नही होगी। आरोप है कि विनोद कुमार द्वारा विक्रय शर्त का उल्लंघन किया गया। बताया कि 17 सितम्बर 2025 की शाम 5 बजे विनोद कुमार से उसने किश्तें जमा करने की बात कही तो विनोद ने उसे किश्त न जमा करने और न ही वाहन वापस देने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि मामले की सूचना उसने 19 सितम्बर को एसपी से की, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने विनोद कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

नेहरू नगर प्रीमियम लीग, पहला सीजन

## चौथा मैचः फ्रेंड क्रिकेट क्लब ने 3 विकेट से पुलिस इलेवन को हराया



**ललितपुर।** नेहरू नगर प्रीमियम लीग सीजन एक का आज चौथ मैच था, जो कि पुलिस इलेविन और फ्रेण्ड क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीत कर पुलिस इलेवन ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमे पुलिस इलेविन ने 16 ओवर में 6 विकिट गवा कर 129 रन बनाये। वही फ्रेण्ड क्रिकेट क्लब ने 14।1 ओवर 132 रन बना कर 7 विकिट खो कर जीत हासिल की, जिसमे फ्रेण्ड क्लब के नाज अहमद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आज के मैच में अतिथि डीके राजपूत रहे। साथ में संयोजक हेमंत जैन रोंडा रहे। आयोजन कमिटी में भगवत यादव, प्रदीप यादव, छोटे लाल, गोलू खान, पंकज कुशवाहा, विजय परमार, नरेश केवट, आयुष, सुमित, योगेश चक्की, सलमान खान, शारुख खान आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दोनों पक्ष पर दर्ज की एफआईआर

## पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

▶ मारपीट के दौरान पुलिस आ गई, जहां उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

पारिवारिक बंटवारे को लेकर कस्बा बानपुर में दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में दोनों ओर से लाठी-डण्डे चले। इस हमले में दोनों पक्षों से लोग घायल हुये हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बानपुर में बार रोड निवासी सूरज सिंह पुत्र बृजलाल ने पुलिस को बताया कि परिवार के हरिसिंह, राजकुमार पुत्रगण राधाचरण, रोहित पुत्र राजकुमार, सोहित पुत्र हरीसिंह, सुजान पुत्र शालिगराम, गायत्री पत्नी राजकुमार, सावित्री पत्नी हरीसिंह से उसका पारिवारिक बटवारे का विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर 5 जनवरी को रात करीब साढ़े आठ बजे उक्त लोगों ने पीड़ित के पुत्र अभिषेक, राजेन्द्र, रिंकू उसके पिता बृजलाल, मां श्यामबाई, पत्नी उमा के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने पहुंची उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान पुलिस आ गयी, जहां उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सूरज सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से हरीसिंह पुत्र राधाचरण ने बताया कि वह अपने घर में था, तभी परिवार के सूरज, रामकिशन, राजेन्द्र, उमा, शोभा, विशाखा, श्यामबाई एकराय होकर आये और पारिवारिक बटवारे को लेकर गालियां दीं और मना करने पर मारपीट कर दी। डायल 112 पर पुलिस को सूचना देने पर पुलिस आयी, जिसके सामने ही उक्त लोग मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

कई लोगों को चबूतरे पर बैठाकर जुआ खिलवा रहे थे, खेलने से मना करने पर विवाद

## चबूतरा पर जुआ खिला रहे दबंगों को मना करने पर मारपीट, पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया

**ललितपुर।** सिटी चौकी अंतर्गत मोहल्ला विष्णुपुरा में मसान बाबा के पास रहने वाली माया पत्नी सचिन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 2 जनवरी को सुबह 9 बजे वह घर पर थी। तभी घर के बाहर उसके चबूतरा पर शैलेन्द्र व सुनील पुत्रगण चंचल कई लोगों को बैठाकर जुआ खिलवा रहे थे, जब उसने चबूतरे पर जुआ खेलने से मना किया तो दोनों ने उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। दोनों के साथ चंचल पुत्र अच्छेलाल, संतोष पुत्र मुकेश भी लाठी लेकर आ गये और उसे गालियां दीं। आरोप है कि चंचल ने उसका पानी निकासी का पाइप तोड़ दिया और शोरगुल सुनकर आये उसके पति से भी मारपीट कर दी और घर में घुसकर तोडफ़ोड़ कर दी, जिससे उसके करीब 2 हजार रुपये का नुकसान हो गया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 333, 324 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से लाड़कुंवर पत्नी मुकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति मजदूरी करता है, जिससे वह अकेले निवासरत है। इसी का लाभ उठाकर पडौस के सचिन पुत्र जीवन, वती पत्नी जीवन व माया पत्नी सचिन आये दिन उसे गालियां देते हैं और पहले मारपीट कर चुके है। 6 जनवरी को उक्त लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसका पुत्र संतोष काम से घर आ रहा था, तब जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने लाड़कुंवर की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बांसी मंडल का हिंदू सम्मेलन संपन्न

## परिवार को एक साथ मिलकर रहना चाहिएः प्रीति

**बांसी (ललितपुर)।** हजारिया महादेव शनि मंदिर बांसी में त्यागी महाराज की अध्यक्षता, बीके प्रीति बहिन एवं धर्मेंद्र विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य आतिथ्य में बांसी मण्डल का हिन्दू सम्मेलन ब्राह्मण मंडली द्वारा स्वस्तिवाचन एवं हनुमान चालीसा के साथ संपन्न संपन्न हुआ। बीके बहन प्रीति ने कुटुम्ब प्रबोधन के संबंध में समझाया कि परिवार को एक साथ मिलकर रहना चाहिए, एक दूसरे के दुख बांटना चाहिए परिवार की सभी सदस्य एक साथ मिलकर रहें तभी समाज को हम नई दिशा दे सकते है। भारतवर्ष की शांति सौहार्द व्यवस्था के लिए लिए राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए सनातन की रक्षा के लिए समस्त हिंदू एक साथ संगठित होकर रहे।



मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह द्वारा संघ शताब्दी यात्रा के 100 वर्षों में डा।हेडगेवारजी ने जिस समर्थ भारत की कल्पना कि वह तभी सम्भव हे जब सम्पूर्ण जाति का प्रत्येक ब्यक्ति अपने को हिन्दू कहेगा। संघ हिन्दू समाज को जगाने का कार्य अनवरत कर रहा है। पर्यावरण की रक्षा ही भारत माता की रक्षा है हम सब विभिन्न जातियों में नहीं बल्कि हिंदू बनकर रहे हैं इस प्रकार का संकल्प हमारा हिंदू समाज लें। हिन्दू सम्मेलन में राशि पस्तोर शिवतांडव पर मनमोहक नृत्य किया। इच्छा नायक, काजल, संस्कृति, मिस्टी साहू, पावनी, खुशी, दीपिका, राशि आदि बच्चों द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। जन समुदाय द्वारा भव्य भारत माता की आरती के साथ हिंदू सम्मेलन का समापन हुआ। इस दौरान विभाग प्रचार प्रमुख मनोज तिवारी टाटा, जिला कार्यवाह आशीष चौबे, जिला प्रचारक वीर, खंड प्रचारक शिवाजी, खंड कार्यवाह आदित्य दुबे, खंड शारीरिक प्रमुख धुरव आदित्य पांडे, प्रांत मिलन केन्द्र प्रमुख देवेंद्र गंगेले सहित समाजसेवी संगठन एवं सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# शिवसेना शिंदे गुट जिलाध्यक्ष व प्रदेश सदस्य का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला बार एसोशियेशन के तत्वाधान में बार सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरीराम राजपूत एड। एवं पूर्व अध्यक्ष काशीराम कुशवाहा एड। ने संयुक्त रूप से शिवसेना (शिंदेगुट) जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव एवं प्रदेश सदस्य पं।अखलेश चौबे का सम्मान फूल मालाएं पहनाकर किया। मौके पर मिष्ठान खिलाते हुये शॉल-श्रीफल भी भेंट किया गया। मंच से समस्त शिवसेना (शिंदेगुट) कार्यकारणी सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान दिग्विजय सिंह बुन्देला, कपिल नामदेव, रिंकू कुशवाहा, सुनील रैकवार, रामस्वरूप नामदेव, अर्जुन बरार, सुन्दरम ताम्रकार, सुरेन्द्र रैकवार, सोनू, चंदेल, भगवानदास चंदेल, सोनू कुशवाहा, राजीव कुशवाहा, अश्वनी शर्मा, जसवन्त नामदेव, सत्यम ताम्रकार, सुरेन्द्र रैकवार, ओमप्रकाश नामदेव, अनिकेत कुशवाहा, राजा नामदेव, शिवकुमार चंदेल एवं सैकडों की तादात में शिवसेना (शिंदेगुट) का सम्मान समारोह किया गया। अंत में गनेशराम रजक ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

बजरंग सेना संगठन का विस्तार और समरसता सह भोज का आयोजन

# बजरंग सेना ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया

▶ अटल दुबे बने धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी

▶ पवन चौबे बने ग्राम पंचायत अध्यक्ष दावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बजरंग सेना संगठन की समीक्षा बैठक और नव नियुक्त पदाधिकारीयो का सम्मान समारोह ग्राम पंचायत दावनी में तला के बब्बा के मंदिर पर सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्यातिथि के रूप में शुभम पस्तोर खड़ेरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर और कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल बिहारी दुबे जिला प्रभारी धर्माचार्य प्रकोष्ठ ने की। बैठक का संचालन दीपक त्रिपाठी पंडा जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ ने किया। बैठक की शुरुवात श्री हनुमान चालीसा के पाठ से हुई सभी अतिथियों सहित सभी संगठन के पदाधिकारियों से बड़े ही उत्साह से सामूहिक श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ किया। अतिथियों का ग्राम पंचायत दावनी के पदाधिकारियों माल्यार्पण तिलक लगाकर शाल आदि स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर से विचार विमर्श करते हुए जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा ग्राम पंचायत दावनी का विस्तार करते हुए पवन चौबे को ग्राम पंचायत अध्यक्ष,प्रथम रजक ग्राम पंचायत प्रभारी,ब्रजेश राजपूत उपाध्यक्ष, रविंद्र राजपूत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृपाल राजपूत उपाध्यक्ष, अजय चौबे संगठन महामंत्री, अनिल राजपूत महामंत्री, जितेंद्र कुशवाहा मंत्री, राजजीत राजपूत मंत्री, नीरज राजपूत सचिव, संतोष विश्वकर्मा महासचिव, समस्त नव नियुक्त पदाधिकारीयो को धर्म पट्टी पहनाकर माला पहनाकर संगठन में शामिल किया गया। संगठन के अन्य पदाधिकारियों में संतोष पटेरिया को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ,दीपक त्रिपाठी पंडा को जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ,नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा आदर्श दुबे डोंगरा को जिला प्रभारी युवा मोर्चा, जितेन्द्र नायक जिला मंत्री,शिव कुमार चंदेल जिला महासचिव, अनुज सिंह बुंदेला जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा के पद पर पदोन्नत किया गया। प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी ग्राम पंचायत के नव नियुक्त पदाधिकारीयो को संगठन में नियमित रुप से कार्य करने और ग्राम पंचायत की सभी जनहित की समस्याओं को दूर करने के लिए अच्छे कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा सभी पदाधिकारियों से हर मंगलवार श्री हनुमान चालीसा का पाठ और अपने अपने क्षेत्र में संगठन के विस्तार में सहयोग और एकजुटता के साथ कार्य करने के दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत दुबे जिला कोषाध्यक्ष, जिला मुख्य सलाहकार विकास सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, जिला महासचिव श्याम दीक्षित, सौम्यानंद तिवारी जिलाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ,संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,संतोष कुशवाहा नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष,हरिशंकर दीक्षित बिरधा ब्लॉक प्रभारी, रितेश दुबे, आकाश यादव, अरुण शुक्ला,रमेश शुक्ला,अनुराग विदुआ तहसील अध्यक्ष महरौनी, शिब्बू राठौर पत्रकार, राहुल साहू पत्रकार, सुमित रैकवार पत्रकार,रब्बू रिछारिया पत्रकार,विजय सिंह राजपूत,हरनाम कुशवाहा, पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा, दारा सिंह प्रजापति,रविन्द्र प्रजापति, अभिषेक राजपूत, स्वामी पाठक, सुखनंदन कुशवाहा, मुन टू राजपूत,बृजलाल कुशवाहा, आदि सभी सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक के अंत में पधारे हुए सभी अतिथियों,सभी महानुभावों का कृपाल सिंह राजपूत ग्राम उपाध्यक्ष दावनी ने आभार व्यक्त किया।

## शासन प्रशासन गंभीर फिर भी गत साल नहीं रुके महिला अपराध

# 19 महिलाएं हुईं दुष्कर्म की शिकार चार विवाहिताएं चढ़ीं दहेज की बलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




महिला और बालिकाए सुरक्षित रहे तथा उनके साथ किसी तरह का कोई अपराध घटित न हो, इसके लिए भलेही शासन प्रशासन गंभीर होकर कानूनों में सख्ती लाने के साथ ही कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है, लेकिन इसके बाद भी महिला और बालिकाओं के साथ अपराध घटित होना रूक नहीं पा रहे है, जिले के पुलिस थानों में दर्ज बीते एक साल के महिला अपराधों के आंकडो पर नजर डाली जाए तो बीते एक साल में जहां 19 महिलाए और बालिकाएं दुष्कर्म का शिकार हुई है। वहीं 39 महिला और बालिकाओं के साथ छेडछाड की घटनाएं सामने आई है। जबकि 4 विवाहिता महिलाएं अपनी ससुराल में दहेज की बलि चढ गई है। इनस्थितियों को देखकर शासन के महिला सुरक्षा संबंधी प्रयासों को धक्का पहुंच रहा है।

वैसे तो श्योपुर जिले में महिला अपराध रोकने के लिए पृथक से महिला थाना होने के साथ साथ जिले के सभी थानों में पृथक महिला उर्जा हेल्प डेस्क बनी हुई है। इसके बाद भी महिला और बालिकाओं के साथ अपराध घटित हो रहे है। एक जनवरी 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक पुलिस आंकडों की बात करे तो 19 महिलाएं और बालिकाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटित हुई है। वहीं 18 नाबालिग बालिकाएं भी ऐसी है,जिनके साथ भी बलात्कार जैसी घिनौनी वारदात घटित की गई है। इसके अलावा 35 महिलाओं के साथ छेडछाड की घटना सामने आई है। वहीं 11 नाबालिग बालिकाओं के साथ भी छेडछाड की गई है।

### 10 लोगों का मर्डर तो 8 को जान से मारने का प्रयास

वर्ष 2025 के वर्षभर के महिला अपराधो को देखने के साथही सामान्य अपराधों पर नजर दौडाई जाए तो जिले में एक साल के दौरान 10 लोगों की हत्याएं कर दी गई है। जिसमें कराहल निवासी शिक्षक रमाकांत पाठक और गसवानी थाना क्षेत्र का रिंकू धाकड चर्चित हत्याकांड भी शामिल है। इसके अलावा जिले के 8 लोगों के साथ जान से मारने के प्रयास की घटनाए भी सामने आई है। हालांकि 2025 में फिरौती के लिए अपहरण की कोई बात सामने नहीं आई है। जिसके लिए पुलिस की सक्रियता बताई जा रही है। लेकिन नाबालिक बच्चों का अपहरण होने जैसी 35 घटनांए जरूर सामने आई है।

### 35 विवाहिता महिलाएं हुई दहेज प्रताड़ना की शिकार

गुजरे 12 महिनो के दौरान 35 महिलाएं दहेज प्रताडना की शिकार होकर घर से बेघर हो गई है। हालांकि दहेज जैसी बुराई को रोकने के लिए कई तरह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है,लेकिन जिले के पुलिस थानों में दर्ज दहेज प्रताडना के मामलों को देखकर शासन के जागरूकता कार्यक्रम दिखावा साबित होते दिख रहे है। 35 विवाहिता महिलाओं के अलावा 4 विवाहिता महिलाएं ऐसी है,जिन्होंने न सिर्फ दहेज की प्रताडना झेली,बल्कि दहेज की बलि भी चढाते हुए उनकी हत्या भी कर दी गई है।

### जिले में एक साल के भीतर घटित अपराध

| | |
|---|---|
| हत्या | 10 |
| हत्या का प्रयास | 8 |
| अपहरण | 0 |
| अपनयन | 35 |
| बलवा | 10 |
| दहेज हत्या | 4 |
| दहेज प्रताड़ना | 35 |
| शीलभंग | 39 |
| शीलभंग (पोक्सो सहित) | 11 |
| बलात्कार | 19 |
| बलात्कार(पोक्सो सहित) | 18 |

### इनका कहना..

महिला अपराधों को लेकर पुलिस पूरी तरह गंभीर है। यह पुलिस के गंभीर रहने का ही परिणाम है कि पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंची प्रत्येक महिला की शिकायत पर अपराध दर्ज करते हुए तत्परता के साथ कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य गंभीर अपराधो मे भी कमी आई है। आगे भी पुलिस की सक्रियता इसी रह बनी रहेगी।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

## श्योपुर में 15 से लागू होगी ई-टोकन प्रणाली, तैयारी संबंधी बैठक आज

# अब किसानों को टोकन से ही मिलेगा खाद लाइन में लगने के झंझट से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




किसानों को अब खाद के लिए भटकने और घंटो तक लाइन में लगने जैसी परेशानी नहीं उठानी पडेगी। इसके लिए शासन की ओर से ई-टोकन प्रणाली शुरू की जा रही है। इस प्रणाली के शुरू होने के बाद श्योपुर जिले के किसानों को खाद का वितरण किया जाएगा। यह नई व्यवस्था "ई-विकास प्रणाली" के नाम से लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना, बिचौलियों की भूमिका खत्म करना और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाना है। वैसे तो यह प्रणाली मप्र के कई जिलों में लागू हो गई है, लेकिन श्योपुर जिले में ई-टोकन प्रणाली 15 जनवरी से लागू होगी। इस संबंध एक तैयारी बैठक 9 जनवरी को आयोजित की जाएगा। जिसमें कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा ई-प्रणाली लागू किए जाने संबंधी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

दरअसल इन दिनों खाद वितरण के दौरान जिले के किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई किसानों को खाद के लिए भटकना पड रहा है तो कहीं लंबी लाइन में लगने को मजबूर होना पड रहा है। कई बार बिचौलियों और कालाबाजारी के कारण जरूरतमंद किसानों तक रासायनिक उर्वरक (खाद) नहीं पहुंच पाती थी। कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो ई-टोकन प्रणाली लागू होने से इन सभी समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ई-टोकन प्रणाली 1 जनवरी 2026 से पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था पहले 1 अक्टूबर 2025 से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। जबलपुर, विदिशा और शाजापुर जिलों में प्रयोग के दौरान यह पाया गया कि किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ा और न ही उन्हें दस्तावेज लेकर भटकना पड़ा। किसानों ने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से ईटूटोकन पोर्टल पर जानकारी दर्ज कर तय मात्रा में खाद बुक की और फिर अपनी सुविधा अनुसार वितरण केंद्र से खाद प्राप्त की। किसानों से मिले सकारात्मक फीडबैक के बाद सरकार ने इस व्यवस्था को प्रदेशभर में लागू करने का निर्णय लिया है।

### सरकार को तुरंत पता चलेगी उर्वरक की मांग


ई-टोकन व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह रहेगी कि इससे सरकार को जिले में उर्वरक की वास्तविक मांग की जानकारी तुरंत मिल सकेगी। इससे मांग के अनुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी और किसी भी तरह की कमी की स्थिति से समय रहते निपटा जा सकेगा। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि वितरण व्यवस्था भी पूरी तरह पारदर्शी बनेगी।

### कैसे मिलेगा किसानों को ई-टोकन?

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था के तहत किसानों को डिजिटल टोकन उपलब्ध कराया जाएगा। इस टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार, मात्रा, वितरण केंद्र और खाद प्राप्त करने की निर्धारित तिथि व समय अंकित रहेगा। किसान यह टोकन एसएमएस, मोबाइल ऐप या वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। टोकन मिलने के बाद किसान निर्धारित दिन और समय पर संबंधित वितरण केंद्र पर पहुंचकर खाद प्राप्त कर सकेंगे। इससे भीड़भाड़ कम होगी और सभी किसानों को बराबरी के आधार पर खाद मिलेगी।

# मानपुर में बस स्टैंड के बाहर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा भू माफिया के चंगुल से शासकीय भूमि को मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर समाजसेवी लक्ष्मी कांत सोनी ने आवेदन देते हुए मानपुर बस स्टैंड के बाहर सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे को हटाने की मांग की है।

समाजसेवी लक्ष्मीकांत द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेखित है कि ग्राम मानपुर के बस स्टेण्ड चौराहे से लेकर बैरवा समाज के मंदिर तक माफिया ने शासकीय भूमि में प्लाट काटकर बेच दिये हैं लगभग 30 से 40 दुकान, मकान शासकीय भूमि में बने हुऐ है, कुछ निर्माणधीन है बिना सक्षम अधिकारी के ही राजस्व अभिलेख खसरा में सांठ गांठ कर लिखे गये हैं नामांतरण पंजी नहीं है। राजस्व अभिलेख में डायरेक्ट नाम लिखे गये है जो फर्जी प्रतीत हो रहे हैं जिस भूमि में प्लाट काटकर विक्रय किये गये हैं वह भूमि राजस्व अभिलेख में शासकीय है जो मैन बस स्टेण्ड चौराहा की है। व शासकीय हेण्डपंप भी लगा हुआ है जिसे भी अतिक्रमण कर्ताओं ने अपने कब्जे में लेकर मकान के अंदर कर लिया है जिससे राहगीरों को पानी भी पीने को नहीं मिलता। करोड़ों रूपये बेश कीमती शासकीय भूमि व राजस्व अभिलेख में डायरेक्ट नाम लिखने वाले अधिकारी/कर्मचारियों व माफिया के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि को मुक्त करवाने की मांग आवेदक ने की है।

# ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों को जेसीआई सदस्यों ने ओढ़ाए कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था जेसीआई द्वारा मानव सेवार्थ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार की देर शाम को टीम के सदस्यों ने गरीब बस्तियों में पहुंचकर ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाए। इससे पहले भी टीम इसी तरह जरूरतमंदों ओर अस्पताल में भर्ती मरीजों को कंबल प्रदान कर चुकी है।

जेसीआई के अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग ने बताया कि जेसीआई द्वारा गरीब जरूरतमंदों को पड़ रही भीषण सर्दी से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को फक्कड़ चौराहा, कमालखेडली, नदी वाले हनुमानजी, सेन समाज छात्रावास, बैरवा बस्ती आदि में मौहल्ले वासियों से सहयोग से वृद्ध, असहाय, महिला पुरुषों को कम्बल, दरी, गड्डा, रजाई आदि सामग्री आवश्यकतानुसार वितरित किये।

इसमें पूर्व अध्यक्ष जेसी आशीष चौहान, सचिव राहुल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नकुल सोनी, कुबेर गोयल, गोपाल मित्तल , दिनेश गर्ग, रोहित शर्मा, ललित अग्रवाल सहित स्थानीय लोग आशीष सेन, मुकेश वैष्णव, विनय गोयल, सोनू सेन, वार्ड 14 पार्षद जुगल मेहरा आदि थे।

# नपा सफ़ाई कर्मियों को नियमित वेतन सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मियों को नियमित रूप से वेतन देने सहित विभिन्न मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन गुरुवार को सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर बाल्मीकि ने सीएमओ आरआर यादव को सौंपते हुए तत्काल निराकरण की मांग करते हुए मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन शासन के निर्देश अनुसार प्रतिमाह की 01 से 05 तारीख तक उनके खाते में डाला जायें। नगर पालिका परिषद श्योपुर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का पीएफ एवं जीपीएफ जो कि पिछले 03वर्षों से जमा नहीं हुआ उसे शीघ्र जमा करवाया जाये। नगर पालिका परिषद श्योपुर में कार्यरत 40 सफाई कर्मचारियो को समान काम का समान वेतन दिया जायें। नगर पालिका परिषद श्योपुर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सेवानिवृत होने के बाद भी कई दिनो तक उन्हे अर्जित अवकाश का पैसा नही मिलता जो कि सेवा निवृति के साथ ही अर्जित अवकाश की राशि का चेक उन्हें दिया जायें। नगर पालिका में सेवा निवृत सफाईकर्मचारियो जिनको उनके अर्जित अवकाश का पैसा आज तक नही मिला उन्हें शीघ्र उनका पैसे का भुगतान किया जाये।

# कॉलेज में विद्यार्थियों को पीने मिल रहा दूषित पानी, एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज में विद्यार्थियों को दूषित पानी पिलाए जाने को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन करते हुए प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। दूषित पानी की बोतलें लेकर कॉलेज पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र नेताओं का कहना था कि कॉलेज प्रबंधन विद्यार्थियों को जो गंदा पानी पिला रहा है उससे छात्र छात्राओं की तबियत खराब हो रही है। छात्रों का आरोप है कि एक ओर तो सरकार कालेज चलो अभियान के तहत प्रोफेसरों को स्कूलों में भेजकर सरकारी कॉलेज के माध्यम से अपनी उपलब्धि बता रही है दूसरी ओर श्योपुर कालेज खुद अव्यवस्था का शिकार हो रहा है। एनएसयूआई नेताओं का कहना था कि हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से जो घटना हुई है उससे एक ओर तो सरकार प्रशासन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने का दिखावा कर रहा है दूसरी ओर हकीकत यह है कि कॉलेज जैसे परिसर में भी विद्यार्थियों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंप तत्काल दूषित पानी की समस्या दूर करने की मांग की। आंदोलन में अभिषेक मीणा बमोरी, कॉलेज अध्यक्ष सुरेंद्र मीणा, पीयूष शिवहरे, ललित मीणा, नदीम खान, क़ुबेब खान, रोहित मीणा, उमेश मीणा, आकाश मीणा, देवेंद्र मीणा, हिमांशु माहौर, महेश मीणा, प्रदुम्न मीणा, देवीशंकर जाटव, कान्हा सेनी, मनीष गुर्जर, आदि छात्र मौजूद रहे।

# दलित को पीटने वाले दबंग भाईयों को छह-छह माह का सश्रम कारावास, तीन9तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र में करीब ढाई साल पहले एक दलित युवक के साथ घटित हुए मारपीट के मामले में फैसला सुनाते हुए श्योपुर के विशेष न्यायालय ने दो आरोपियों को छह छह माह का सश्रम कारावास और तीन तीन हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि इस मामले में सजा पाने वाले आरोपी संजू उर्फ संजय चौहान तथा जीतू उर्फ जितेन्द्र चौहान पुत्रगण यदुराज चौहान सरारी गांव के निवासी है तथा आपस में सगे भाई है। वहीं देहात थाना क्षेत्र में दलित वर्ग की एक महिला की मारपीट करने संबंधी मामले में आरोपी फोटू सिंह पुत्र कन्हैयालाल गुर्जर निवासी निमोदापीर को छह माह के सश्रम कारावास और दो हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

## 11 को मोतीकुंज में होगा कबीर बस्ती का हिंदू सम्मेलन



**श्योपुर।** शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों के क्रम में 11 जनवरी को शहर की कबीर बस्ती का हिंदू सम्मेलन शहर के बडौदा रोड स्थित मोतीकुंज में आयोजित होगा। इस हिंदू सम्मेलन को लेकर गुरूवार को आयोजन समिति के संयोजक गजेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति में आचार्य के सानिध्य में भूमि पूजन किया गया,साथही इस बस्ती के हिंदू समाज के लोगो से इस हिंदू सम्मेलन में जात पात,ऊंच नीच के भाव को भूलकर शामिल होने का आग्रह किया गया।

## विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजित




**श्योपुर।** विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति समझ बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली विज्ञान प्रदर्शनी के क्रम में गुरुवार को खंड स्तरीय प्रदर्शनी शामावि क्रमांक 03 श्योपुर में आयोजित की गई। इस विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विकासखण्ड श्योपुर के 10 जनशिक्षा केन्द्रों से चयनित बच्चे अपने-अपने विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सा. विज्ञान के मॉडलो के साथ उपस्थित हुए। मेला का शुभारंभ डीपीसी भूपेंद्र शर्मा एवं एपीसी राकेश शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने बच्चो से मॉडल तैयार करने के उदेश्य, लक्ष्य के बारे में चर्चा की गई। इस प्रदर्शनी में 08 उच्च माध्यमिक शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षको की चयन समिति द्वारा बच्चो द्वारा तैयार किये गए विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सा. विज्ञान के मॉडलो में से प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो का जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में सम्मलित किये जाने हेतु चयन किया गया। इनमें केशव वैष्णव शामावि कुड़ायता, आनंद बैरवा शामावि अलापुरा, लक्ष्मी मीणा शामावि वार्ड 08 श्योपुर, यशु सुमन शामावि रतोधन, सिमरन बरोदिया शामावि वार्ड 08 श्योपुर, अल्फिया जोया शामाविक्रमांक 01 श्योपुर, किशोर बरोदिया शामाविवार्ड 08 श्योपुर,रितु बैरवा शामावि ढोटी शामिल है। इस अवसर पर बीआरसी श्योपुर हरिशंकर बाथम, बीएसी रामबाबू वर्मा, हरिप्रसाद जाटव, नीतू कुशवाह एमआरसी मो. युसूफ, पुस्तक प्रभारी नरपति जाटव, कार्यक्रम प्रभारी राजेश सखवार, किशौर माहौर,नरेश योगी आदि उपस्थित थे।

## चंबल संभागायुक्त बोले-व्यावहारिक हो जोनल मास्टर प्लान

# राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य बनेगा ईको-सेंसिटिव दो किमी तक के दायरे में निर्माण रहेगा प्रतिबंध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जोनल मास्टर प्लान के तहत जो क्षेत्र चिन्हित किए जाने हैं या कर लिए गए हैं वो जरूरी ओर व्यवहारिक हो जिसका दूरगामी लाभ आमजन को मिल सके विवादित स्थलों का चयन जन सहभागिता से किया जाए। यह बात चंबल संभागायुक्त सुरेश कुमार ने गुरुवार को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों (ईको सेंसटिव जोन) के लिए जोनल मास्टर प्लान की समीक्षा करते हुए कही।

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के 26 राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभयारण्यों सहित राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों (ईको सेंसटिव जोन) के लिए जोनल मास्टर प्लान तैयार किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसी क्रम में राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को भी ईएसजेड मास्टर प्लान की तैयारी हेतु सम्मिलित किया गया है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के लिए आवश्यक आधारभूत (बेसलाइन) अध्ययन परामर्शदाता संस्था मैसर्स सांई कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्रा. लि. द्वारा पूर्ण कर लिए गए हैं। परामर्शदाता द्वारा तैयार की गई जोनल मास्टर प्लान की मसौदा रिपोर्ट संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत की जा चुकी है। इस मसौदा रिपोर्ट के परीक्षण, समीक्षा एवं सुझावों के लिए गुरूवार को कमिश्नर कार्यालय, चंबल संभाग के सभागार में आयुक्त चंबल संभाग सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा, डीएफओ सामान्य वन मंडल केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुरल गूगल मीट के माध्यम से शामिल हुए। मुरैना में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, ग्वालियर के मुख्य वन संरक्षक ललित भारती, वनमंडलाधिकारी मुरैना हरीश चंद्र बघेल, कंसल्टेंसी की एनजीओ सैजल लोया सहित ईको-सेंसिटिव ज़ोन से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। इसके साथ ही भिण्ड कलेक्टर किरोडी लाल मीणा भी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए।

### बेसलाइन सर्वे पर हुई चर्चा, तीनों कलेक्टर को दिए निर्देश

चंबल संभागायुक्त ने कहा कि जोनल मास्टर प्लान स्पष्ट, व्यावहारिक एवं क्षेत्र-विशेष आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेसलाइन सर्वे की संपूर्ण जानकारी संबंधित तीनों जिलों के कलेक्टरों के साथ साझा की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन-कौन से गांव एवं क्षेत्र ईको-सेंसिटिव ज़ोन के अंतर्गत आ रहे हैं। इसके साथ ही, सभी प्रभावित हितधारकों की विस्तृत सूची तैयार कर उनका स्पष्ट उल्लेख मास्टर प्लान में किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ईएसजेड क्षेत्र की गांव-वार एवं सर्वे नंबर-वार मैपिंग की जाए तथा रेवेन्यू मैप के साथ इसका समन्वय सुनिश्चित किया जाए। संबंधित राजस्व विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कंटूर मैप तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे भविष्य की योजना निर्माण प्रक्रिया में सहूलियत हो सके। प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी कलेक्टरों द्वारा रिकॉर्ड में फीड की जाए, ताकि दीर्घकालिक योजना तैयार करने में सुविधा मिल सके

### चंबल के एक से दो किमी दायरे में रहेगा निर्माण पर प्रतिबंध

कमिश्नर ने कहा कि ईएसजेड क्षेत्र के 1 से 2 किलोमीटर के दायरे में प्रस्तावित औद्योगिक गतिविधियों के संदर्भ में एमपीआईडीसी के प्रस्तावों के साथ भी समन्वय किया जाए, ताकि जोनल मास्टर प्लान एकीकृत एवं संतुलित रूप से तैयार किया जा सके। राजघाट पर प्रस्तावित इंटेक वेल से संबंधित समस्त तकनीकी एवं भौगोलिक विवरणों की जांच कर उन्हें मास्टर प्लान में सम्मिलित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मॉनिटरिंग समिति के सभी सदस्य अपने-अपने विभागीय सुझाव एवं टिप्पणियाँ लिखित रूप में प्रस्तुत करेंगे, ताकि उन पर गहन विचार-विमर्श कर अंतिम मसौदा तैयार किया जा सके। योजना को स्वीकृत करने से पूर्व प्रस्तावित गतिविधियों की सटीक मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं विकास के बीच संतुलन बना रहे। इस अवसर पर अहमदाबाद की परामर्शदाता कंपनी द्वारा विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें ईएसजेड क्षेत्र एवं उसके आसपास प्रस्तावित विकास गतिविधियों, अनुमत कार्यों एवं प्रतिबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के विकास हेतु सुझाई गई गाइडलाइंस, पेंच एवं सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में लागू व्यवस्थाओं के अनुरूप होंगी, जिससे जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ सतत पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान संभावित पर्यटन गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लो-इम्पैक्ट टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन, सोशियो-फॉरेस्ट्री, इको-फ्रेंडली रिसॉर्ट गतिविधियाँ, नेचर ट्रेल एवं पाथवे निर्माण, सीमित एवं नियंत्रित जल-आधारित गतिविधियाँ, पर्यटन सहायक अधोसंरचना का विकास, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वाटरशेड मैनेजमेंट तथा चयनित क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं के विकास हेतु सड़क चौड़ीकरण एवं बस स्टॉप के प्रोत्साहन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्राप्त सभी सुझावों एवं टिप्पणियों को सम्मिलित करते हुए जोनल मास्टर प्लान की अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह परियोजना मध्यप्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य का संरक्षण सुनिश्चित करते हुए सतत एवं जिम्मेदार विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण अंतर्गत ईको सेसेटिंव जोन में श्योपुर जिले का लगभग 135 किलोमीटर चंबल नदी का एरिया शामिल होगा, जिसमें जिले के 102 ग्राम सम्मिलित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया निवासी आशा बाई पत्नि पवन अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** मंगलवार को गत रात्रि में मोहरी रोड पर एक ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई, यह बाइक सवार पिपरई से अशोकनगर में मंडी में भाव पूछने के लिए गया था मृतक की पहचान अमर सिंह पुत्र बुंदेल सिंह यादव उम्र 57 साल निवासी ग्राम बरौला थाना पिपरई के रूप में की गई है। मृतक के सिर पर से ट्रैक्टर का पहिया निकल गया जिससे अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन की नवीन शैक्षिक संकल्पना के अंतर्गत प्रदेश के उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में कक्षा 9वीं की 240 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य सीमा जैन ने बताया कि कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 200 रुपये शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 8 फरवरी है। विद्यालय में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाएगा। विद्यालय में अशोकनगर जिले के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों हेतु 100 बालक एवं 100 बालिकाओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही विद्यालय में आईसीटी लैब के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षण, वोकेशनल शिक्षा (आईटी एवं सुरक्षा),समृद्ध पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, विभिन्न खेल सुविधाएं तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ भी विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

### डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो. पुरुष ओपन क्रिकेट ट्रायल संपन्न



**अशोकनगर।** अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वावधान बुधवार को स्थानीय संजय स्टेडियम अशोकनगर में पुरूष सीनीयर ओपन क्रिकेट चयन ट्रायल आयोजित की गई। इस ट्रायल के समय अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष जजपाल सिहं, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन एवं अरूण रघुवंशी सचिव एडीसीए सहित खिलाडी उपस्थित रहे और पदाधिकारियों ने खिलाडियों का मार्गदर्शन किया। ट्रायल में पुरूष सीनीयर ओपन क्रिकेट टीम अशोकनगर हेतु खिलाडियों का चयन किया गया। चयन में कान्हा शर्मा, अमित बंजारा, देवांश धाकड, कार्तिक योगी, नौशाद कुरैशी, रंजीत शाक्य, साजिद खान, अमीर खान,. पंकज रघुवंशी, देव ओझा, तनुज सेन, विशाल लोधी, कान्हा शर्मा, विनोद जाटव, लोकेन्द्र शर्मा, अपूर्व चटर्जी, ऋषि तिवारी के चयनित होने पर अध्यक्ष एडीसीए जजपाल सिंह द्वारा बधाई देते हुए भविष्य के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

## विधायक निर्मला सप्रे ने जनपद पंचायत कार्यालय का किया औचक

# 24 कर्मचारियों में से 18 अनुपस्थित मिले आधा दर्जन कर्मचारी संभाल रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

जनपद पंचायत कार्यालय का गुरुवार को विधायक निर्मला सप्रे ने औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को देखा। कार्यालय सुबह 10 बजे निर्धारित होने के बावजूद जब विधायक सुबह 11 बजे कार्यालय पहुंची, तो कुल 24 कर्मचारियों में से जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप पाल सहित 6 कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए, जबकि 18 कर्मचारी नदारत मिले।

इस गंभीर लापरवाही पर विधायक ने तीखी नाराज़गी जताई और उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने अधिकारियों-कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनके विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यालय समय का पालन न करना अनुशासनहीनता है और इसका सीधा असर आम जनता को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ता है। विधायक ने जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप पाल को



सभी अनुपस्थित एवं समय पर नहीं आने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प्रकरण, निर्माण शाखा सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाएं केवल काग़ज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि पात्र हितग्राहियों तक समय पर उनका लाभ पहुंचना चाहिए। विधायक ने कहा किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात विधायक निर्मला सप्रे पशुपालन विभाग पहुंची, जहां 5 कर्मचारियों में से मात्र 2 कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने डॉ. रमा गुप्ता से विभागीय कार्यों की समीक्षा की और शासन की पशुपालन संबंधी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गौपालकों को हर स्तर पर पूरा सहयोग मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान 2 गौ पालक अपनी शिकायत लेकर मौके पर पहुंचे। विधायक ने स्वयं उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। अंत में विधायक निर्मला सप्रे ने दो टूक कहा कि अनुशासन, जवाबदेही और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता है। जनता के काम में लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारी अब सतर्क हो जाएँ, क्योंकि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



## 700.76 लाख की लागत से निर्मित रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

संकल्प सिद्धि यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने गुरुवार को निर्तलाझमंडीबामोरा मार्ग से भापसोंनझपहलेजपुर मार्ग एवं निर्तलाझमंडीबामोरा मार्ग से मडबामोरा मार्ग के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस परियोजना के अंतर्गत करीव 4.70 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 700.76 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। सड़क निर्माण से क्षेत्र के आसपास के 11 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से खराब और कच्चे मार्गों के कारण लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिलेगी। बेहतर सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और कृषि से जुड़े कार्यों में भी सुविधा बढ़ेगी।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि क्षेत्र को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही मेरे कार्यकाल का मुख्य उद्देश्य है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और ग्रामीण इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती हैं। आने वाले समय में बीना विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना मेरा संकल्प है। भूमिपूजन के अवसर पर विजय हुरकुट, रमेश जड़िया, पूरन सिंह रघुवंशी, कमलेश गुप्ता, मुकेश जैन कटारे, महेंद्र यादव, मनोज शर्मा, साहबराज यादव, विशाल पटेल, रतन सिंह यादव, दामोदर राय, विजय सिंह रघुवंशी, भगवान सिंह कुर्मी, हलके भैया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सद्गुरु विज़न सेंटर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया



**बीना।** स्टेशन रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. दिनेश वर्मा और डॉ. अंकुश पाल ने 262 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। जिसमें से 103 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। इसके अलावा 39 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी रामजी कोठारी के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के रणवीर सिंह बघेल और सचिन भावसार ने चश्मों का वितरण किया। रवि धाकड़ और धर्मेंद्र जादौन ने 79 मरीजों को निःशल्क दवा का वितरण किया। सचिन भावसार ने 41मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय श्री रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. अंकुश पाल, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष श्रीधर खांडेकर, दीगम्बर टिकेकर, हेमंत भण्डारी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बीना और खुरई एसडीओपी के तबादले, अजय कुमार सनकत होंगे बीना एसडीओपी



**बीना।** गृह विभाग ने नए साल की शुरुआत में ही मंगलवार की रात में राज्य पुलिस सेवा (डीएसपी) स्तर के 64 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें बीना और खुरई एसडीओपी का ट्रांसफर हुआ है। जानकारी अनुसार सागर में महिला सुरक्षा में कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सनकत को बीना एसडीओपी बनाया गया हैं। अजय कुमार सनकत पूर्व में बीना थाने में सब इंस्पेक्टर के पद पर रह चुके हैं। वहीं बीना एसडीओपी नितेश पटेल का ट्रांसफर पुलिस मुख्यालय भोपाल किया गया है। श्योपुर जिले के बड़ौदा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना को खुरई एसडीओपी बनाया गया है और खुरई एसडीओपी सचिन परते को सिवनी पदस्थ किया गया है।

## छात्राएं सीख रहीं साक्षात्कार और व्यक्तित्व विकास के आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए 30 दिवसीय इंटरव्यू स्किल एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक अंशुल बबेले द्वारा छात्राओं को साक्षात्कार की बारीकियों और व्यक्तित्व निखारने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान छात्राओं को विशेष रूप से यह सिखाया गया कि किसी भी साक्षात्कार में अपना प्रभावपूर्ण परिचय किस तरह दिया जाता है। इस कौशल को व्यवहारिक रूप देने के लिए सामूहिक परिचय गतिविधि का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के सत्रों में छात्राओं को अपने परिवार का परिचय देने के सही तरीके, अपनी खूबियों (स्ट्रेंथ) और कमियों (वीकनेसेस) का विश्लेषण करना सिखाया गया। प्रशिक्षक ने गोल सेटिंग यानी लक्ष्य निर्धारण पर जोर देते हुए बताया कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य बनाना क्यों जरूरी है और इसे कैसे निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही एक आदर्श डेली रूटीन बनाने और उसे साक्षात्कार के दौरान प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अभ्यास भी कराया गया। छात्राओं को यह भी सिखाया गया कि



किसी भी व्यक्ति पर अपना सकारात्मक प्रभाव कैसे छोड़ा जाए और एक सकारात्मक दृष्टिकोण (पॉजिटिव एटिट्यूड) रखने से जीवन और करियर में क्या-क्या लाभ प्राप्त होते हैं।

कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि वर्तमान दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद शैली का होना अनिवार्य है। इस तरह के प्रशिक्षण शिविर छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और निजी क्षेत्र की नौकरियों के लिए मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाते हैं। वहीं, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने अपने वक्तव्य में बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का निरंतर यह प्रयास रहता है कि छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान मिले। उन्होंने कहा कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता यह है कि प्रत्येक विषय को केवल व्याख्यान के माध्यम से न समझाकर, विभिन्न एकल और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से स्पष्ट किया जा रहा है, जिससे छात्राओं के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार आ रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं अब अपनी ताकत और लक्ष्यों के प्रति पहले से अधिक सजग नजर आ रही हैं। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पेशेवर जगत की चुनौतियों के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार करना है।

## जिले में रिक्त सीएसी, बीएसी पदों को नियम के अनुसार भरने आजाद अध्यापक संघ की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने वुधवार को एक पत्र डीपीसी के नाम सौंपते हुए मांग की है कि जिले में जो सीएसी और बीएसी के पद रिक्त पड़े हैं उन पदों को नियमानुसार भरने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने बताया कि एक दो माह पहले जो पांच वर्ष की प्रतीक्षा के बाद सीएसी,बीएसी के पदों पर काउंसलिंग हुई थी जिसमें अधिकतर पद पर नए सिरे से सीएसी,बीएसी पदस्थ हुए लेकिन कुछ पद खाली रह गए थे जिसमें जिले के टोटल सीएसी 66 बनना थे जिनमें से 12 खाली रहे, 20 बीएसी बनना थे जिनमें से पिछली काउंसलिंग में 3 खाली रहे एवं दो ने ज्वॉइन नहीं किया टोटल 5



बीएसी के पद खाली रह गए थे। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने मांग की है कि इन पदों पर नियमानुसार ,विषयवार माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक को ही पुनः सीएसी,बीएसी बनाया जाए ताकि जिले के सभी शिक्षकों को योग्य अनुभवी ही मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करें एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का समावेश हो सके। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि रिक्त पदों को कार्यालय के सूचना पटल पर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित कर पूरे जिले में सूचना प्रसारित कराकर पात्र लोगों के आवेदन आमंत्रित किए जावे, ताकि किसी भी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप भी न लग सकें।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनके पास जिले के कई शिक्षकों के फोन आ रहे कि डीपीसी कार्यालय में गोपनीय कई पात्र शिक्षकों को दरकिनार करते हुए अपात्र शिक्षकों शिक्षकों को इन महत्वपूर्ण जिम्मेदार पदों पर बिठारने की तैयारी और जमकर सेटिंग चल रही है खाली पदों के रेट लगाए जा रहे है तो जो पात्र है वो किसी भी प्रकार की रेट या पैसे का लेन देन करने से इन्कार कर रहा है तो उन्हें बनाने से भी रोका जा रहा है।

## सुबह की ओस और कोहरे में डूबा पूरा दिन

## अशोकनगर में 6.4 डिग्री सबसे न्यूनतम तापमान किया दर्ज

**अशोकनगर।** अशोकनगर का तापमान वुधवार को 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अब तक इस मौसम में सबसे न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस बुधवार को दर्ज किया गया। जैसे-जैसे जनवरी का महीना आगे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे ठंड का असर भी बढ़ता जा रहा है।

इस न्यूनतम तापमान के बाद ठंड का असर बढ़ता जा रहा है सुबह की भोर ओस और कोहर से भरी होती है और पूरा दिन धूप में निकलता है रात से फिर वही ठंड प्रारंभ हो जाती है। जनवरी का महीना ठंड के सबसे ठंडे महीनों में होता है इस महीने में तापमान में निरंतर गिरावट आती जाती है। अशोकनगर जिले में तापमान में गिरावट आना प्रारंभ हो गई है। एक दिन पहले अशोकनगर जिले में 7.4 डिग्री सेल्सियस तापमान था लेकिन 24 घंटे बाद एक डिग्री तापमान में गिरावट आई है ठंड भरे दिनों में लोगों को जिला चिकित्सा विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की जा रही है कि ठंड से बचाव के लिए हर संभव उपाय



करें। जिसमें सबसे पहले तन को कपड़ों से ढकने के लिए एडवाइजरी दी जा रही है बढ़ती ठंड के बीच नगर पालिका को भी शहर में आलाप जलाने के लिए शीघ्र प्रयास किया जाना चाहिए।

## अशोकनगर सपा में बढ़ा जनाधार, कई साथ हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

अशोकनगर में समाजवादी पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब भाजपा छोड़कर अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गुना सुरेंद्र यादव (मुंगावली) के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. मनोज यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चल रहा है और आमजन पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगामी 10 जनवरी को इंदौर में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में असलम खान (सरपंच), हेमराज बरखेड़ा, दिनेश यादव (पठारी), फैय्यद खान सरपंच (राजपुर), विजय कुमार यादव सरपंच प्रतिनिधि (सेमरा), देवेंद्र यादव (करिया खेड़ी) एवं रामबचन सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। संगठन विस्तार के क्रम में मुंगावली विधानसभा अध्यक्ष पद पर मुलायम सिंह यादव (पिपरई) की नियुक्ति की गई।

### भगवान की निकलेगी शोभायात्रा

## राजपुर में चल रहे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में राजपुर कस्बे में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा था। वुधवार को इस विधान के अंतिम दिन अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति की कामना के साथ हवन का समापन हुआ। गुरूवार को राजपुर कस्बे में मुनिश्री के सानिध्य में भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में कचनार आरोन अशोकनगर, बहादुरपुर, पिपरई आदि स्थानों से श्रद्धालुजन भाग लेगें।

सिद्ध चक्र महा मंडल विधान की शुरूआत से पहले दैनिक कार्यक्रमों में भगवान के अभिषेक के साथ शांतिधारा का आयोजन किया जा रहा था। इस मौके पर पहली बार राजपुर कस्बे के नागरिकों को सिद्धों की आराधना करने का अवसर



मिला था। जिसका राजपुर वासियों ने भरपूर लाभ लिया। मुनिश्री की देशना ने भी भक्तों को हर धर्म की ज्ञान गंगा का श्रवण कराया। उन्होंने आध्यात्मिक प्रेम को लेकर कहा कि वह इस संसार का पारस है जो यदि किसी के पास हें तों वह धरती की स्वर्ग खदानों से बहुमूल्य उपहार प्राप्त कर लेता है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रेम ही जीवन का निर्माण करने का साधन है सबसे पहले तों आध्यात्म यह कहता है कि हम जानें की बाहर विचरण किस भावना से हों रहा हैं परमार्थ की भावना से जब अपना चित निर्मल हों जाता है तब उसे प्रकाश का एवं अविरल शांति का प्रभाव मिलनें लगता है। अपना व्यक्तिगत सुख चेन जब संसार की पीड़ा कों दूर करनें में जा लगें तों समझना चाहिए कि आनंद का झरना फूट पड़ा है। ईश्वर से हमनें बडी अद्भुत कृपा प्राप्त की है। हमें यह समझना चाहिए कि जिस चीज कों हम चाहतें हें वह वाहर मिलनें वाली नहीं है उस असीम शान्ति कों उस महान अनुशीलन कों तथा उस अद्भुत शक्ति प्रवाह कों प्राप्त करनें हेतू विचार रण कों धारण करना पड़ेगा उसे आध्यात्मिक दृष्टि कहते हैं एवं आध्यात्मिक प्रेम सुफल है। हमारा धर्म महान है क्योंकि वह जिस आध्यात्मिक के आधार पर खड़ा है ऊंचाई को नाप पाना असम्भव है। जिस प्रेम कि यहां पर बात की जा रही है वह अत्यंत ही व्यापक हें उसके सुन्दर स्वरुप का वर्णन करनें में शब्द कम पड जाएंगे।

## ग्राम बीड सरकार में बच्चों को वस्त्र वितरण किए

### पुलिस प्रशासन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

ग्राम बीड सरकार में पुलिस प्रशासन की ओर से सामाजिक सरोकार के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली की एसडीओपी सनम बी. खान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर एसडीओपी सनम बी. खान ने बच्चों को वस्त्र वितरित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को सहयोग और प्रोत्साहन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। एसडीओपी ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, रुचियों



और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने और अनुशासन में रहने की सीख दी। इस अवसर पर रीडर एसडीओपी मुंगावली एएसआई सुमरन कुड़ापे एवं आरक्षक ओपेन्द्र गुर्जर भी उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों को स्नेहपूर्वक वस्त्र वितरित किए और उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों को संबल मिलता है।